**भारत सरकार**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या:5586**

**04अप्रैल, 2025 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**तेलंगाना में मल्टी-स्पेशलिटी अस्पताल**

**† 5586. श्री कुंदुरु रघुवीरः**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या तेलंगाना, विशेषकर नलगोंडा में मल्टी-स्पेशलिटी अस्पताल स्थापित करने की कोई योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या देश के ग्रामीण क्षेत्रों में टेलीमेडिसिन सेवाएं शुरू किए जाने की संभावना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ग) आयुष्मान भारत के अंतर्गत तेलंगाना को कितनी धनराशि आवंटित की गई है?

<u>उत्तर</u>

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(श्री प्रतापराव जाधव)**

(क): तेलंगाना सरकार द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, राज्य के सभी 33 जिलों में मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल हैं, जिनमें नलगोंडा जिला भी शामिल है।

(ख) और (ग): ग्रामीण क्षेत्रों सहित देश भर में कार्यशील सभी एएएम में उपलब्ध टेली-परामर्श सेवाएं लोगों को उनके घरों के निकट विशेषज्ञ सेवाओं तक पहुंच को सक्षम बनाती हैं, जिससे वास्तविक पहुंच, सेवा प्रदाताओं की कमी जैसी चिंताओं का समाधान होता है और परिचर्या की निरंतरता को सुगम्य बनाया जाता है। दिनांक 31.03.2025 की स्थिति के अनुसार एएएम में कुल 34.90 करोड़ टेली-परामर्श किए गए।

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत कार्यक्रम कार्यान्वयन योजनाओं (पीआईपी) के रूप में प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर जन स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को सुदृढ़ करने के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को तकनीकी और वित्तीय सहायता प्रदान करता है। भारत सरकार मानदंडों और उपलब्ध संसाधनों के अनुसार कार्यवाही के रिकॉर्ड (आरओपी) के रूप में प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान करती है। राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के लिए अनुमोदन सहित जारी किए गए आरओपी का विवरण निम्नलिखित वेब लिंक पर उपलब्ध है:
https://nhm.gov.in/index1.php?lang=1&level=1&sublinkid=1377&lid=744

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) राज्य स्तर पर प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएम-जेएवाई) के कार्यान्वयन के लिए राज्यों से प्राप्त वास्तविक मांग के आधार पर धनराशि जारी करता है। एबी पीएम-जेएवाई के तहत तेलंगाना को 675.82 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं।

प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन (पीएम-एबीएचआईएम) का उद्देश्य 64,180 करोड़ रुपये के परिव्यय से उप-स्वास्थ्य केंद्रों, शहरी स्वास्थ्य और आरोग्य केंद्रों, ब्लॉक जन स्वास्थ्य इकाईयों, एकीकृत जिला जन स्वास्थ्य प्रयोगशालाओं और क्रिटिकल केयर अस्पताल ब्लॉकों के लिए अवसंरचना के विकास के लिए सहायता प्रदान करना है। वित्त वर्ष 2021-22 से वित्त वर्ष 2025-26 के लिए तेलंगाना राज्य के लिए पीएम-एबीएचआईएम के तहत कुल 1369.00 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है।

*****